तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 9 जुलाई 2025



10 कलेक्टर ने लंबित कार्यों को पूर्ण करने...



12 डीएपी खाद की कमी पूर्ति के लिए वैकल्पिक उर्वरकों ...






## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण और हरियाली के लिए कोयलीबेड़ा में पौधारोपण



**पखांजुर।** मोर गांव मोर पानी कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामबती मांडवी, उपाध्यक्ष मंजू सरदार, सीईओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय कुमार नाग के द्वारा ग्राम पंचायत चाणक्यपुरी और हरनगढ़ के स्कूलों में पौधारोपण किया। ग्रामीणों के घरों में सोखता गड्ढे बनाए जा रहे हैं, आवास योजना के लाभार्थियों के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है और बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य भी प्रगति पर है। इस अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी बालकिशन बंजारे, श्यामल चंद्र डे, प्रियंका नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

### औषधीय गुणों से युक्त पौधों का किया रोपण



**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार, छायादार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे रोपे गए। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत में छिद्र जैसे घटना कोकम करने के उद्देश्य से संस्था के प्रभारी प्राचार्य जनक राम कोमरा के मार्गदर्शन विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता अनुपम जोफर, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, कुंज बिहारी रामटेके, रेडक्रास प्रभारी हुमा पिस्दा, स्काउट गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# धर्मांतरित युवक के खिलाफ हो गए ग्रामीण एकजुट, शिकायत करने पहुंचे दुधावा चौकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा/बासनवाही

ग्राम पंचायत मुसूरपुट्टा में धर्मांतरण को लेकर धर्मांतरित युवक और ग्रामीणों के बीच विवाद 8 जुलाई को उग्र रूप लेकर पुलिस तक पहुंच गया। पूरे गांव के सभी घरों से एक-एक सदस्य चौकी पहुंचकर पुलिस को धर्मांतरित युवक के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए तीन घंटे तक डटे रहे। जानकारी के अनुसार धर्मांतरित युवक ने मुसूरपुट्टा गांव के श्मशान घाट पर बने पूर्वजों की समाधि में मिट्टी डालकर पाट दिया और उस पर कब्जा करने का प्रयास किया।

- युवक को गिरफ्तार करने की रखी मांग

## 200 की संख्या में पहुंचे ग्रामीण तीन घंटे तक डटे रहे

### रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे थाने

मुसुरपुट्टा ग्राम के सरपंच दिलीप अरकरा ने बताया कि वह युवक धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म में गया है। गांव के किसी भी नियमों को मानने से इंकार करता रहता है। जिससे हमेशा गांव में विवाद उत्पन्न होता रहता है। इसलिए हम सभी उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने एवं कड़ी कार्रवाई करने की मांग किए हैं।





### मामले की जांच जारी

पुलिस चौकी प्रभारी योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि मुसुरपुट्टा के ग्रामीण गाँव के अंजोर साहू के खिलाफ शिकायत करने आएं थे। शिकायत के उपरांत मामले की जांच की जा रही है। जाँच के उपरांत कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

जिससे पूर्वजों के परिवार और गांव वालों के परम्परा आहत हुई। गांव वालों द्वारा धर्मांतरित युवक को समझाया गया, लेकिन उसने मानने से इंकार कर दिया। गांव में इस विषय को लेकर बैठक भी हुई, पर उक्त युवक नहीं पहुंचा।

इसी बात को लेकर 8 जुलाई को गांव के लगभग 200 से अधिक ग्रामीण दुधावा पुलिस चौकी पहुँचकर उक्त युवक के ऊपर रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग किए। दुधावा चौकी में तीन घंटे तक डटे रहे। पुलिस चौकी पहुंचने वालों में मुख्य रूप से लतेल यादव, अरविंद भारती, उदय चनाप,सदाराम, बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थे।

## विडंबना : स्कूल की मरम्मत के लिए आया पैसा बीईओ ने दूसरी जगह करा दिया खर्च

# माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से के तीनों कक्षों में टपक रहा पानी, छात्र भीगने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से की स्कूल भवन शुरुआती बारिश में ही सीपेज हो रही है, जिसके चलते स्कूल में अध्ययनरत 110 बच्चे प्रतिदिन परेशान हो रहे है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

- उच्च अधिकारियों को कई बार कराया जा चुका है अवगत: प्रधानपाठक
- चार महीना कक्षाएं ऐसे में नहीं लग पाएंगी या किया जाए दूसरी व्यवस्था

जानकारी के अनुसार माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से में तीन कक्ष है। तीनों कक्षों की छत सभी तरफ से सीपेज होती रहती है। इस कारण बच्चों का स्कूल में बैठकर पढ़ना मुश्किल हो गया है। बच्चे बारिश में भीग कर स्कूल पहुंचते हैं। स्कूल पहुंचने बरामदा गीला और क्षत चारों से सीपेज होने से दिनभर पानी टपकता है। इस कारण स्कूल में भी बैठने के लिए जगह नहीं होने से बच्चे परेशान हैं। शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से का स्कूल भवन जर्जर है। चारों तरफ क्षत सीपेज हो रही है। ऊपर से पानी टपकते रहता है और नीचे जमीन गीला रहती है, बच्चे बैठ नहीं पा रहे हैं। माध्यमिक शाला केभवन की मरम्मत की मांग किया गया था। मरम्मत के लिए राशि आई थी, परंतु खंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य ने मिलकर हाईस्कूल के अतिरिक्त कक्ष का मरम्मत करा दिया, जबकि माध्यमिक शाला भवन की मरम्मत की जुरत थी। खंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य की लापरवाही से दूसरे भवन की मरम्मत करा दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य अब इधर उधर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बच्चे और शिक्षक हो रहे परेशान

छात्रों के पालकों ने बताया कि इस स्कूल में 110 बच्चे अध्ययनरत है। उनको इस बारिश में बैठने के लिए जगह नहीं है। बारिश में पानी टपकने से पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। इसके अलावा शिक्षकों के लिए बने आफिस कक्ष में भी पानी टपकता रहता है। शिक्षकों को भी बारिश में बैठने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।




### नए भवन की मांग की

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग किया है कि माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से के लिए नए भवन की स्वीकृति दी जाए। स्कूल भवन निर्माण होने तक बच्चों को बैठने के लिए भवन की व्यवस्था किराए या अन्य किसी भवन में किया जाएं, जिससे बच्चों को शिक्षा मिल सके।

### बारिश के 4 माह नहीं लग पाएगा स्कूल

प्रधानपाठक देवल कोसमा ने बताया कि माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो चुकी है। पानी सीपेज होते रहता है, छत से पानी हर कमरे में टपकता रहता है। ठंड से बच्चे स्कूल में बैठ नहीं पा रहे हैं। बारिश के 4 महीने यहां स्कूल लगाना संभव नहीं है। उच्च अधिकारियों को जानकारी भेजी गई है।

# कन्याओं के शिक्षा मंदिर में चोरों का धावा प्रोजेक्टर व खेल सामग्री को किया पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के मध्य में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा में बीती रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोला और स्कूल में रखे मंहगे सामानों के साथ खेल सामग्री की चोरी करके नौ दो ग्यारह हो गए। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे साकेत नगर गोविंदपुर निवासी 59 वर्षीय प्रतुल कुमार विश्वास पिता स्व. विजय कुमार विश्वास ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में शासकीय कन्या हाईस्कूल मांझापारा कांकेर में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हूं। प्रतिदिन की तरह 7 जुलाई को स्कूल गया, स्कूल का सभी सामान ठीक था। अगले दिन 8 जुलाई की सुबह 10 बजें स्कूल आया, तो देखा कि स्कूल में रखे शासकीय सामान सूक्ष्मदर्शी यंत्र, 2 नग बैटरी, 3 नग क्रिकेट बैट, 2 पैकेट क्रिकेट बाल,



20 नग स्मृति चिन्ह का उपरी हिस्सा, प्रोजेक्टर कैमरा नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया। चोरी हुए समानों की अनुमानित कीमत 65 हजार 500 रुपए है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 7 से 8 जुलाई की दरम्यानि रात को चोरी किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि विगत चार दिनों से मैन गेट के पास से स्कूल अंदर घुसकर सामान को प्रतिदिन अस्त व्यस्त किया जा रहा था, इसकी भी जानकारी कांकेर पुलिस को दिया गया था, परंतु इन चार दिनों में एक भी टीम देखने के लिए नहीं पहुँचा। चोरी हो जाने के बाद 8 जुलाई को शिकायत किया, जिस पर अपराध दर्ज किया गया है। शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अवैध घुसपैठी बांग्लादेशियों की पहचान को लेकर हलचल तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में अवैध रूप से निवासरत बंग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए एक बड़ा अभियान शुरू हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर अवैध बांग्लादेशियों की विस्तृत जानकारी मांगी जा रही है। जानकारी के अनुसार विशेष रूप से परलकोट क्षेत्र जहां बड़ी संख्या में बांग्लादेशी समुदाय के लोग निवास करते हैं। पुलिस प्रशासन उन सभी बांग्लादेशी नागरिकों का पूरा नाम, पता और उनके निवास की अवधि से संबंधित जानकारी जुटा रहा है, जो अवैध रूप से यहां विस्थापित हुए हैं या बाद में आकर बस गए हैं। इस जानकारी को एकत्रित कर उच्च अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। कुछ दिन पहले बांदे थाना क्षेत्र में 109 लोगों की जानकारी मांगी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के मन में दहशत का माहौल है। कई लोग अपनी पहचान साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के लिए थानों में पहुंच रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगे इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है। अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के भविष्य पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। पुलिस के द्वारा मांगी गई जानकारी के बाद गांव में हडकंप मच गया है। ग्राम पंचायत भी यह पता लगाने में जुटी हुई है कि पंचायत में कब किस समय बंग्लादेश से आया हुआ है। विस्थापन के बाद आने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



- थाने से पंचायतों को जारी हुआ नोटिस

# सुब्रतो कप फुटबॉल और नेहरू हॉकी से शालेय जिला चयन स्पर्धा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला स्तरीय सुब्रतो का फुटबॉल 15, 17 वर्ष बालक एवं 15 वर्ष बालिका का चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, डीएमसी रवि प्रकाश मिश्रा, एडीपीओ वैभव मेश्राम, जिला खेल अधिकारी आबिद खान के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर किया गया। पहला मैच पीएम श्री नरहरदेव स्कूल विरुद्ध सेजस सरोना स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें सेजस सरोनास्कूल 3-1 एक से विजयी रही। दूसरा मैच सेजस नरहरपुर विरुद्ध सेजस सरोना के मध्य मैच खेला गया, जिसमें सेजस सरोना स्कूल



विजयी रही। नेहरू हॉकी बालक 15 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद( चारामा)एवं बालिका 17 वर्ष में शासकीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

# चार पहिया वाहन की टक्कर से पिता व बेटी घायल, अज्ञात चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मेन रोड बोगरनाला के पास अज्ञात वाहन के चालक ने मोटर सायकल में सवार पिता व बेटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। घायलों को निजी वाहन की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रिफर किया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

चौकी कच्चे अंतर्गत पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी 37 वर्षीय दिनेश नरेटी पिता बैसाखू राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरा बड़ा भाई सुखराम नरेटी आबकारी विभाग



भानुप्रतापपुर मे शासकीय सेवा में है, जो 4 जुलाई को प्रति दिन की भांति अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 17 केजी 3090 से भानुप्रतापपुर ड्यूटी आया था। ड्यूटी के बाद मेरी भतीजी मनीषा नरेटी जो कांकेर में पढ़ाई करती है, मेरे बड़े भाई सुखराम नरेटी के साथ भतीजी मनीषा नरेटी भी रात को मोटर सायकल में सवार होकर भानुप्रतापपुर से घर पुजारीपारा कलंगपुरी जा रहे थे। उसी दिन रात करीबन साढ़े 8 बजे मेन रोड बोगर नाला के पास पंहुचे थे कि सामने से आ रही चार पहिया अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से सुखराम नरेटी व भतीजी मनीषा नरेटी को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों मोटर सायकल सहित रोड में गिर गए। फोन से मुझे पता चलने पर वहां जाकर देखा तो एक्सीडेंट से मेरे भाई सुखराम नरेटी के दाहिना पैर, दाहिना हाथ में चोट लगा था। भतीजी के दाहिने पैर में चोट लगी, जिसे तत्काल आस पास के लोग के सहयोग से भानुप्रतापपुर के अस्पताल लेकर गए। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## रपटा के बह जाने से आवागमन ठप, निर्माण पर उठे सवाल

# बारिश के चलते लोकनिर्माण विभाग की खुल गई पोल, पीव्ही 2-3 मार्ग स्थित बह गया रपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया रपटा बारिश की शुरूआत में ही कट कर बह गया। ग्राम पीव्ही 2 एवं 3 का सड़क मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चे परेशान है। साथ ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ महीने पहले ही मरम्मत करते हुए पीव्ही 2-3 सड़क का रपटा बनाया गया था, जो बह गया। यह एकमात्र सड़क है जो अन्य गांवों से जोड़ती है, अब वह भी बंद हो गई है। इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में भारी परेशानियो में डाल दिया है। रपटा के बह जाने से स्कूली बसों का आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीण राकेश विस्वास ने बताया कि सड़क मरम्मत के बाद ही सड़क की हालत जर्जर हो गई थी। पुलिया के अभाव में भारी बारिश के चलते सड़क के ऊपर का रपटा कटकर बह गया। सड़क बंद होने से क्षेत्र का संपर्क कट गया है। सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है, उन्हें अब स्कूल जाने के लिए लंबा और असुरक्षित रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तत्काल सड़क मरम्मत और पुलिया के निर्माण की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### भारी बारिश से बहा रपटा

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी एके मिलिंद से बात करने पर बताया कि भारी बारिश के कारण पीव्ही 2-3 पी डब्लू डी सड़क का रपटा कटकर बह गया है। संबंधित सब इंजीनियर को मौके स्थल पर भेजा गया है, बारिश रुकते ही मरम्मत कार्य करवा दिया जाएगा।




**खबर संक्षेप**

## इलाज के दौरान बुजुर्ग की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** बिना नंबरी मर्ग डायरी अंतागढ़ थाना में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 10 पखांजुर निवासी 64 वर्षीय शोभी राम मंडावी का इलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 11 अप्रैल को मौत हो गई। थाना गोल बाजार में शून्य पर मर्ग कायम किया गया था। मर्ग डायरी अंतागढ़ थाना में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## टुराखार में युवक ने फांसी लगा कर दी जान जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत टुराखार निवासी 30 वर्षीय बिरेंद्र कुमार दर्रो ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। टुराखार निवासी 35 वर्षीय राजकुमार दर्रो ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को दोपहर करीबन डेढ़ बजे मृतक ने अपने घर के परछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## प्रयास विद्यालय कैरियर गाइडेंस बच्चों को दी गई जानकारी

**कांकेर।** प्रयास अवसीय विद्यालय कांकेर में 5 जुलाई को शासकीय पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय कांकेर की ओर से कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पॉलीटेक्नीक के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कक्षा दसवीं तथा बारहवीं के बाद रोजगार तथा स्वावलंबन प्रदान करने वाले पाठ्यक्रम अध्ययन व प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर संचालित विविध संस्थाओं की जानकारी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित 80 बालक और 88 बालिकाओं से चर्चा करते हुए प्रो. सृजन ने कैरियर प्रदान करने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। इस अवसर पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से ऑनलाइन जुड़े हुए प्रो. गणेश शुक्ला ने केन्द्रीय व प्रादेशिक तकनीकी विश्वाविद्यालयों, उनमें प्रवेश के लिए होने वाली सीयूईटी परीक्षा, नीट, जेईई, क्लेट आदि परीक्षाओं में आवेदन की समय अवधि प्रक्रिया सहित परिणामों की घोषणाओं की समय सारणी का संक्षिप्त परिचय दिया।

## कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का किया जाए त्वरित निराकरण

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 8 जुलाई को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, भर्ती परीक्षा में शामिल करने, विकलांगता पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने, कृषि भूमि का कब्जा हटाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## नगर निगम ने 12 दुकानों को दिया नोटिस

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में बगैर अनुमति के फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर लगाने वालों पर नगर निगम की नजर है। फ्लैक्स लगाने वाले 12 दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के सरकारी या निजी संपति पर पोस्टर या पंपलेट जो लगा रहे थे उन्हें सार्वजनिक संपति विरूपण अधिनियम के तहत परिषद की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए फिलहाल निगम प्रशासन के आदेश पर राजस्व अधिकारी ने 12 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो कार्रवाई कर सकती है।
नोटिस में बताया गया कि बिना सक्षम अधिकारी या संबंधित संपत्ति के मालिक की पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी पोस्टर बैनर आदि नहीं लगा सकता है।
सार्वजनिक संपत्ति विरूपण अधिनियम के अनुसार किसी भी प्रकार के विज्ञापन, पोस्टर व बैनर आदि लगाने से पहले संबंधित सक्षम अधिकारी या संपत्ति के मालिक की अनुमति लेना अनिवार्य है।

**आयोजन : कई कार्यों की राज्य स्तर पर हो रही मानिटरिंग**

# कलेक्टर ने लंबित कार्यों को पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द करने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने कहा कि जिले में राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं, उनकी राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी एसडीएम इसे गंभीरता से लेते हुए स्कूली विद्यार्थियों का जाति, निवास एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज शीघ्रता से तैयार कराएं तथा जरूरत पड़ने पर राजस्व शिविर भी आयोजित किए जाएं। इसी तरह कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत जुड़े नए गांवों में विभिन्न योजनांतर्गत शासकीय कार्यों व सुविधाओं में विस्तार करने पर जोर देते हुए माओवाद प्रभावित ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा जिले में डीएपी खाद की कमी के संबंध में अन्य वैकल्पिक खाद एवं उर्वरक का उपयोग कराए जाने के लिए किसानों को जागरूक करने और तकनीकी सलाह देने के निर्देश खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी को दिए।

बैठक में आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा पीडीएस सेंटर निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं निर्माण एजेंसियों को दिए। 499 स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 290 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 209 कार्य लंबित हैं। इसी तरह पीडीएस सेंटर भवन निर्माण के 103 स्वीकृत भवनों के विरूद्ध 79 पूर्ण हो चुके हैं तथा 24 कार्य अभी तक लंबित हैं। कलेक्टर ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध अब तक हुई प्रगति को लेकर कलेक्टर ने प्रति सप्ताह जनपदवार समीक्षा करने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इसके अलावा बस्तर विकास प्राधिकरण एवं डीएमएफ अंतर्गत लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### अधूरे एवं अप्रारंभ कार्यों को करें पूर्ण

इसके अतिरिक्त उन्होंने सामाजिक अंकेक्षण, पीएम जनमन, पीएम विश्वकर्मा, पोषण पुनर्वास केन्द्र आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द अधूरे एवं अप्रारंभ कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में डीएफओ हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पुस्तक की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व पालक कर सकते हैं आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

प्रदेश में शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ हो गई है, लेकिन पाठ्य पुस्तक आज तक स्कूलों तक नहीं पहुंची हैं। इस कारण स्कूल के बच्चे और शिक्षा परेशान है। शिक्षक असमंजस में है कि बच्चों को आखिर क्या पढ़ाएं। इस कारण स्कूलों के बच्चे मध्यान्ह भोजन करते हैं और दिनभर खेल घर वापस लौट जाते हैं। अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे हैं, कि पाठ्य पुस्तक क्यों नहीं आ रही है। सरकार भी पाठ्य पुस्तक सप्लाई क्यों नहीं हो रही है, इसे लेकर खुलकर कोई बयान जारी नहीं कर रही है, जिससे पखवाड़े पर बीतने के बाद भी बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है, पालक और शिक्षक बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित हैं। सामाजिक कार्यकर्ता जगत दुग्गा, रमेश दुग्गा, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, कोसरिया गाड़ा समाज प्रदेश सचिव आनंद माहवे ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के लगभग 20 दिन बाद भी बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक की व्यवस्था नहीं कर पाई है। बच्चों की पढ़ाई अभी भी शुरू नहीं हुई है। इससे जाहिर हो रहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी अंचल के बच्चों के शिक्षा के प्रति कितनी गंभीर है। पालक चाहते हैं कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के लिए पुस्तक ही नहीं है। शिक्षक इस बात को लेकर परेशान है कि पुराने पुस्तक पढ़ायें या नई पुस्तक का इंतजार करें जिससे बच्चे स्कूल तो आते हैं और मध्यान्ह भोजन खाकर वापस बैरंग लौट जाते हैं। सरकार शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले ही पाठ्यपुस्तक की छपाई व सप्लाई की व्यवस्था हो जानी चाहिए, लेकिन 16 जून से अब तक सरकार न पुस्तक की छपाई करवाई न पुस्तक की सप्लाई करवा सकी।

■ पढ़ाई न कर पा रहे छात्र-छात्राएं

इस कारण बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। पाठ्यपुस्तक की मांग को लेकर 9 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री के नाम दुर्गूकोंदल के तहसीलदार को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी पुस्तक की सप्लाई सरकार नहीं की तो अंचल के पालकों के साथ मिलकर पुस्तक की मांग को लेकर आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




ब्लॉक मुख्यालय के पीएमश्री सेजेस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को 101 पौधों का वितरण किया गया, जिसमें फलदार एवं छायादार आम, अमरुद, सीताफल जैसे पौधे है, जिन्हें विद्यालय परिसर में रोपा गया और साथ ही बच्चों को अपने घरों में भी पौधे लगाने के लिए दिए गए। 12वीं कक्षा के छात्राओं द्वारा बॉटनीकल गार्डन में चंदन का पेड़ लगाया गया। विकास राजु नायक ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पौधारोपण से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होती है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री का यह बहुत बड़ा अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें इसे जन आंदोलन का रूप देना है कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें पेड़ को संरक्षित करना और उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। वृक्षों के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि हमें विकास के साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी और साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग और घरों में सोखता गड्ढा बनाना आवश्यक है। पानी बचाकर ही हम आने वाले समय को सुरक्षित रख सकते हैं। विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विजय पटेल, अशोक जैन एवं सेजेस प्राचार्य अजय नेताम एवं स्कूल के स्टॉप की उपस्थिति रही।

## जनपद सभापति ने पिता के नाम पर लगाया पेड़

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत ग्राम सोनादई के प्राथमिक शाला में और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहत्तर में मंगलवार को जनपद सभापति विकास राजु नायक और अजित नायक ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अपने पिता स्व. नंदूराम नायक के नाम से लगाया और सोनादई स्कूल के प्रधानपाठक अस्सी कोरेटी ने बताया कि स्व. नंदूराम नायक इस संस्था में 1995-96 से 2024 तक लगभग 30 सालों से इस संस्था में सेवाएं दी है। जनपद सदस्य ने वृक्षारोपण के बारे में बताते हुए कहा कि इस स्कूल से मेरा आत्मीयता के साथ भावनाएं जुड़ी हुई है। इस स्कूल से ही अपने पढ़ाई की शुरुआत की है।



## विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं मातृत्व को नमन करते हुए किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ माँ के नाम भावनात्मक अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर एक सुंदर और संवेदनशील पहल को जन्म दिया। यह आयोजन न केवल हरियाली को समर्पित था। बल्कि मातृत्व की भावनाओं से भी गहराई से जुड़ा हुआ रहा, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायी भाषणों और प्रकृति पर आधारित समूह गीतों से किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी माँ के नाम एक एक पौधा रोपा। नीम, आम, अमरूद, करंज, गुलमोहर आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए। हर पौधे पर एक तख्ती लगाई गई, जिस पर छात्र की माँ का नाम लिखा गया था और यह दृश्य अपने आप में एक अद्वितीय भावनात्मक छवि प्रस्तुत कर रहा था। विद्यालय के प्राचार्य जेपी तिवारी ने कहा कि यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक जागरण है। यह छात्रों को उनके मूल से जोड़ती है। उन्होंने छात्रों को यह संकल्प दिलाया कि वे प्रत्येक पौधे की देखभाल उसी श्रद्धा और संवेदना से करेंगे जैसे वे अपनी माता की करते हैं। एनएसएस अधिकारी भूपेन्द्र सिंन्हा ने बताया कि इस प्रकार के रचनात्मक और मानवीय कार्यक्रमों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति प्रेम विकसित होता है। यह पहल आगे चलकर ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर भी दोहराई जाएगी, जिससे इसे एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जा सके। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि भविष्य में विद्यालय की प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा गोद लेने की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक छात्र अपने पौधे की देखरेख, सिंचाई, सुरक्षा और वृक्ष बनने तक की जिम्मेदारी निभाएगा। विद्यालय में वृक्ष मित्र योजना की शुरुआत की जाएगी, जिसमें छात्रों को पौधों से जुड़ी गतिविधियों में पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। हर छात्र ने अपने द्वारा लगाया गया पौधा अपनी माँ के नाम समर्पित कर यह संदेश दिया कि जैसे माँ हमें जीवन देती है, वैसे ही पेड़ हमें जीवनदायिनी वायु और संतुलित वातावरण प्रदान करते हैं।

## सुशील पाण्डेय को डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कटेकल्याण में स्व-सहायता समूह का गठन कर बस्तर सामाजिक जन विकास समिति की नींव रखते हुए बस्तर आदिवासी समाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, उनके आजीविका हेतु कौशल विकास के क्षेत्रों से जोड़ते का काम सुशील पाण्डेय ने किया। वर्तमान में तेतरकुटी, अघनपुर में उनकी संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति अंतर्गत सैकड़ो परिवारों को आजीविका के विभिन्न आयामों से जोड़ कर अवसर प्रदान कर रही है। उन्हें हाल ही में ग्लोबल एक्सीलेंस सम्मिट होटल ग्रैंड नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु आई.एफ.ई.ऐ अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के एम्बेसडर की पदवी प्रदान की गई।

**लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक**

## ग्रंथालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर एवं अध्यक्ष लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय हरीश एस की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर हरीश ने कहा कि केंद्रीय ग्रन्थालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। उन्हें ऑनलाइन स्टडी मटेरियल, आवश्यक पुस्तकें एवं समसामयिक पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित इंटरनेट सुविधा की भी समुचित सुलभता कराया जाए। बैठक में अधिक से अधिक पाठकों को ग्रन्थालय का लाभ प्रदान करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

साथ ही विद्युत के वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इनवर्टर की व्यवस्था के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने केंद्रीय ग्रन्थालय में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। उन्होंने संपूर्ण भवन में विद्युत व्यवस्था के ऑडिट के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रन्थालय के साफ सफाई एवं परिसर के उद्यान के रख-रखाव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बीएलओ एवं सुपरवायजरों की बैठक में निर्देश**

# मतदान केंद्रों का होगा युक्तियुक्तकरण, मतदाताओं के घर जाएंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



एसडीएम और विधानसभा भानुप्रतापपुर की निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गंगाधर वाहिले ने भानुप्रतापपुर तहसील बीएलओ और सुपरवायजरों की बैठक लेकर आने वाले पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए निर्देशित किया। बैठक में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वषा ने सभी बीएलओं से गत विधानसभा चुनावों के दौरान अनुपस्थित मतदाताओं का एक बार फिर से घर-घर जाकर सत्यापन कर उनके नाम विलोपन के लिए आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी बीएलओ से मतदाता सूची शत प्रतिशत शुद्व और त्रुटिरहित हो इस दिशा में कार्य करते हुए मतदाता सूची को शुद्व करने को कहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बैठक का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश सिंह ठाकुर ने सभी बीएलओ और सुपरवायजरों को मतदान केंद्र के युक्तियुक्तकरण के समय अत्यन्त सावधानी बरतने को कहा और उन्होने कहा कि वर्तमान में शालाओं के युक्तियुक्तकरण में कई शालायें बंद या मर्ज हो गई है यदि वह मतदान केंद्र रहा हो तो उसका भवन परिवर्तन का प्रस्ताव देवे। उन्होंने कहा कि नए एवं युवा मतदाता का नाम अवश्य जोडें साथ ही मृत या दोहरी प्रविष्टि या स्थायी रूप से बाहर गए मतदाताओं का नाम विलोपन के साथ दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हांकन, त्रुटि सुधार, विवाहित महिलाओं का नाम शिफिटिंग और डुप्लीकेट एपिक कार्ड के लिए फार्म 8 भरे एवं सुपरवायजर शिविर में प्राप्त आवेदनों का रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में अनिवार्य रूप से देवें। वर्तमान में बीएलओ एप में डीएसई और पीएसई मतदाता भी प्रदर्शित हो रहे इनका भी समय सीमा पर निराकरण कर लेवे और साथ ही साथ मतदाता सूची के हेडर का मिलान कर ले मतदान केंद्र भवन का नाम भवन का फोटो यदि गलत हो तो उसका भी तत्काल सुधार करा लेवें। पुनरीक्षण के दौरान जितने भी आवेदन आ रहे उनका निराकरण समय सीमा पर करे।

बैठक में निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नुमेश सोनी, सुपरवायजर निरंकार श्रीवास्तव, मनोज चौहान, अविनाश सिंह, सूरजलाल जात्रे एवं सभी बीएलओ और सुपरवायजर उपस्थित रहे।

## चार्म्स सिगरेट डुप्लीकेट होने का दावा, दर्ज कराई शिकायत

**जगदलपुर।** चार्म्स सिगरेट के डुप्लीकेट होने का दावा करते हुए स्थानीय डिस्ट्रीबुटर्स व दिल्ली से आए कम्पनी के लीगल एडवाईजर ने मामले कि शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के प्रतापगंज पारा व ठाकुर रोड स्थित दो दुकान से 50 हजार रूपए से अधिक का सिगरेट जब्त किया है। मामले में दुकान संचालकों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत ने बताया कि चार्म्स सिगरेट के जगदलपुर निवासी डिस्ट्रीब्यूटर सतीश राव जाधव व दिल्ली से आए कंपनी के लीगल एडवाइजर हरगोविंद जाधव ने मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए इसे कॉपी राईट एक्ट का उल्लघंन बताया है।

**पेज 09 के शेष...**

### माध्यमिक शाला जाड़ेकुर्से...

की बात करते है, परंतु समस्या के निदान के लिए सामने नहीं आ रहे है। ग्रामीणों ने बताया के इस भवन के लिए जनप्रतिनिधियों से भी माँग किया जा चुका है, परंतु किसी ने अभी तक गंभीरता नहीं दिखाई है।

### कन्याओं के शिक्षा...

के प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### सुब्रतो कप फुटबॉल...

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेली(चारामा) की टीम का चयन संभाग स्तरीय के लिए हुआ। निर्णायक गण में डॉ. मंजू शर्मा परवीन सिद्दीकी दिनेश ठाकुर, भूषण शर्मा मुस्तकीम अंसारी, नीरज वट्टी, मनीष सिन्हा, गौतम सिन्हा एवं कल्यूस लकड़ा रहे।

## खबर संक्षेप

### अनियमित छात्र के घर पहुंच शिक्षक ने दी समझाइश



**भोण्ड।** माध्यमिक शाला भुरसुंडी के ग्राम पिड़सीपारा के स्कूल में लंबे समय से अनियमित रूप से स्कूल न आने वाले छात्र महेश को लेकर जब शिक्षक उसके घर पहुंचे, तो पहले तो परिजन संकोचवश घर छोड़कर जाने लगे। लेकिन स्थिति को भांपते हुए ग्राम पुजारी लेदु राम कश्यप ने हस्तक्षेप किया और परिजनों को बुलाकर उन्हें आवश्यक समझाइश दी। उन्होंने परिजनों से कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य संवार सकती है और उन्हें विद्यालय भेजने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

शिक्षक और पुजारी के इस संयुक्त प्रयास से न केवल परिजनों में जागरूकता आई, बल्कि गांव में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी गया। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें बच्चों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होती हैं। इस अवसर पर शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, भृत्य पीलू राम नाग मौजूद थे।

### जिला प्रशासन की पहल पर हुआ प्रशिक्षण



**भोपालपटनम।** शालाओं में प्राथमिक स्तर के बच्चों में गणितीय संक्रियाओं को समझने एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के उद्देश्य से बीआरसी कार्यालय भोपालपटनम में 60 शिक्षकों का अबाकस प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण अबाकस फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर सपना मंडावी ने बेहतर ढंग से प्रदाय किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र पड़ीशालावार ने शिक्षकों से कक्षाओं में इसे बेहतर ढंग से लागू करने आह्वान किया गया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला ने शिक्षकों से कहा शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए सब मिलकर कार्य करें। बीआरसी शंकर यालम ने मन से शिक्षकों से कार्य करने कहा। संकुल प्राचार्य अरब खान ने शैक्षणिक गतिविधियां एवं शिक्षा में हुए परिवर्तन को समझाया। इस अवसर पर मंडल संयोजक नंदकुमार मारकोण्डा एवं सीएसी प्रशांत पामभोई तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### बाढ़ क्षेत्रों में उपयोग वाले मोटरबोट का कराएं परीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिश्रा ने कहा कि जिले अतिवृष्टि से बाढ़ की संभावना बनी रहती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य,मोटर बोट सहित आवश्यक उपकरणों का समय पूर्व जांच अवश्य करा लें, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन की उपलब्धता, मौसमी बीमारियों से बचाव इत्यादि की तैयारियां सुनिश्चित करें। वहीं चिन्हांकित जल भराव वाले क्षेत्रों में तथा नदी नालों के उफान होने पर ग्रामीणों को नदी नाला से पार नहीं करने की समझाइश देने एवं जागरूकता लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान नक्सल पीड़ित परिवार तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के राशन कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, वोटर आईडी, आधार, आयुष्मान कार्ड सहित बैंक खाता खुलवाने के कार्यों में प्रगति लाने की बात कही। नियद नेल्लानार योजना के चिन्हांकित गांवों में आयोजित सैचुरेशन शिविर की प्रगति सहित उक्त गांवों में सड़क, बिजली,जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेय जल की आपूर्ति सहित स्कूल आंगन बाड़ी, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण एवं प्रगतिरत अधोसंरचना निर्माण कार्य एवं उनके वस्तुस्थिति से अवगत होकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुदूर क्षेत्रों में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति तथा पेयजल संबंधी जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं पुराने अवधारणा को बदलने के लिए संयुक्त रुप से प्रयास करने को कहा गया।

# टीबी मरीजों के लिए कलेक्टर ने पोषण किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा में सोमवार को टीबी मरीजों के लिए विशेष पोषण कीट का वितरण किया गया। बस्तर कलेक्टर हरीश एस के नेतृत्व में टीबी से ग्रसित 25 मरीजों के बीच सोयाबीन, अखरोट, बादाम, हॉर्लिक्स, मूंगफली आदि सामानों का वितरण किया गया।

इस दौरान बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने बीमारी से बचने के उपाय व संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार के प्रति सजग रहते हैं उसी प्रकार टीबी संक्रमण के प्रति सजग रहने की जरूरत है। देश में टीबी संक्रमण से मुक्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसके साथ ही जिला मुख्य चिकत्सा अधिकारी संजय बसाख ने कहा कि टीबी मरीजों के खाते में एक हजार रुपये खाते में डाला जाता है एवं उपलब्ध कराया जाता है।

सरकार के द्वारा डीबीटी के माध्यम से टीबी मरीजों को एक हजार रुपया उसके खाते में उपलब्ध कराया जाता है। इन राशि से मरीज अपने पोषण युक्त भोजन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी संक्रमण के मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त दवा आशा के माध्यम से दी जाती है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान भी किया गया। मौके पर जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद सदस्य गागराराम नाग, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, दरभा तहसीलदार सुनील धुर्वबी ई ओ, एबीओ, बीएओ, बीआरसी, टीआई समेत स्वास्थ्य कर्मी स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

# मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज मंगलवार को विकासखण्ड कोंटा में स्थित चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों, परिजनों एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस

■ विलम्ब से आने वाले कर्मचारी पर लगाम कसने के दिए निर्देश

दौरान उन्होंने उल्टी-दस्त और डेंगू-मलेरिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में गंदगी फैलाने वालों और गुटखा व तम्बाकू खाने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाये। कलेक्टर ने चिकित्सालय मे निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सकों, अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा मे मरीजो के बढ़ते संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन कांउटर के विस्तार एवं ऑपरेटरो की संख्या में वृद्धि करने कहा। उन्होंने अस्पताल में मरीजो की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्र में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय परिसर मे वर्तमान मे प्रक्रियाधीन निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण एजेंसीयों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल की सफाई दुरुस्त कराने एवं कैम्पस को स्वच्छ बनाने पर खासा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के विलम्ब से आने की प्रवृत्ति पर भी लगाम कसने और नहीं मानने वालों पर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

सुकमा कलेक्टर ने एसएनसीयू एवं अति आवश्यक अन्य विभागों में विद्युत कटौती के दौरान पॉवर बेक-अप की वैकल्पिक व्यवस्था करने कहा जिससे भर्ती मरीजों के चिकित्सकीय कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने पैथोलैब में शासन द्वारा निर्धारित समस्त जांच सुनिश्चित करने कहा ताकि मरीजों को बाहर भटकना ना पड़े। उन्होंने डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था सुधारने के संबंध में संबंधित चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चो के माताओ को भी आवश्यकतानुसार प्रोटीन डाईट देने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीएमओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुरक्षा सम्मान सहायता के लिए सीआरपीएफ प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा





राज्य के अंतिम छोर सूदूर वनांचल क्षेत्र के लिगंनपल्ली गांव में सेवा दे रही 219 वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वाहिनी के कमांडेंट पार्थ सारथी घोष के मार्गदर्शन एवं राजेश कुमार सहा.कमा. के निर्देशन में यह आयोजन किया गया।

■ लिगंनपल्ली गांव में सेवा दे रही सीआरपीएफ 219 वाहिनी

इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना साथ ही ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस दौरान कार्यक्रम मे ग्रामीणों को रेडियो, महिलाओ को साडी बुजुर्गों को कम्बल युवाओं को खेल सामग्री दिया गया साथ ही ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं का उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया।

### योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने किया प्रेरित

इस अवसर पर पार्थ सारथी घोष कमाण्डेंट 219 बटालियन ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्राम व निवासियों की सुरक्षा सम्मान सहायता एवं सहयोग के लिए हम प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है। सीआरपीएफ, स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार नए सुरक्षा कैम्प जन सुविधा केन्द्र सडक बिजली पानी आदि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है, जिससे प्रत्येक आदिवासी का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। साथ ही आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में ना आयें। अपने बच्चों को अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा दिलवाये, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें व एकजुट होकर क्षेत्र व देश के अग्रणी विकास में भागीदार बने।

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक वंदन और अक्षत पुष्प से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी भैया बहनों को तिलक वंदन कर अक्षत पुष्प से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भवानी पूनेम खंड शिक्षा अधिकारी, जितेंद्र चौहान खंड स्त्रोत समन्वयक गीदम, कैलाश नीलम प्राचार्य कन्या हाईस्कूल गीदम ने मां भारती, गणेश जी, ओम के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

भैया बहनों ने मानस पाठ, कीर्तन भजन हवन पूजन किया गया। गणेश जी की आरती, भारत माता की आरती की गई। आरटीई तहत विद्यालय में प्रवेशित 72 बच्चों को पाठ्य व लेखन सामग्री दी गई। गौरतलब है कि इन बच्चों को विद्यालय समिति द्वारा पाठ्य सामग्री प्रदान की जाती है। अपने उद्बोधन में बीईओ सुश्री भवानी पूनेम ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में आकर मुझे एक उत्साह और ऊर्जा मिल जाती है। यहां का संस्कार अनुशासन मुझे बहुत प्रिय है।

वहीं प्राचार्य कैलाश नीलम जी ने कहा कि यह विद्यालय संस्कार अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने बच्चों का उदाहरण देकर बताया मेरे तीनों बच्चे यहीं पढ़ाई किये हैं और तीनों अपने मुकाम पर पहुंच चुके हैं। यहां के बच्चे बड़े-बड़े पद में भी आसीन है और विदेश में भी सेवाएं दे रहे हैं मैं इस संस्था का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

बीआरसी जितेंद्र चौहान ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर गीदम 1987 से प्रारंभ होकर अनवरत समाज में नगर में अपनी प्रसिद्धि कायम किए हुए हैं। यहां के बोर्ड परीक्षा का परिणाम हमेशा शतप्रतिशत रहता है। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य दीदी व बच्चे मौजूद रहे।

### जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को दूर करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सीईओ ने कहा कि जिले में स्कूल छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया राज्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग आपसी समन्वय कर मिशन मोड एवं तय समयावधि में इसे पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इसके लिए अपने अपने अनुभाग में सभी बीईओ और बीआरसी की बैठक लेकर हो रही दिक्कतों का समाधान तलाशें और आगामी समय सीमा बैठक तक इस कार्य में अपेक्षित प्रगति दर्शाएं। इसके साथ ही उन्होंने वर्षा ऋतु में नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय निकायों की स्वच्छता टीम द्वारा हर वार्डों में प्रतिदिन सुबह सड़कों एवं नालियों की सफाई संबंधी फोटो अपलोड किए जाने होगें। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में सड़क किनारे फुटपाथों में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए जुर्माने जैसे प्रावधान को लागू करने को कहा।

बरसात में मच्छरों से बचाव हेतु नगर पालिकाओं द्वारा नगरीय क्षेत्रों में फॉगिंग प्रक्रिया को शेड्यूल अनुसार संचालित करने के निर्देश में भी समस्त सीईओ को दिए। सीईओ बैठक में आगे कहा कि शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त नही किया गया है ऐसी स्थिति में एकतरफा भारमुक्त कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को आश्रम छात्रावासों में छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पंचायतों के आयुर्वेद औषधालयों में चिकित्सकों के उपस्थिति संबंधी तिथि को चस्पा करने, श्रम कार्ड पंजीयन के तहत सभी सीएससी सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित किए जाने, नक्सल प्रभावित युवाओं के लिए लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा आजीविका मूलक ट्रेनिंग प्रारंभ किए जाने के संबंध में भी सीईओ द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की लागू करने के संबंध में जानकारी दी गई कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 217 वीं वाहिनी ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा







राकेश अग्रवाल भापुसे महानिरीक्षक छग सेक्टर तथा राजेश पाण्डे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोन्टा केरिपुबल के मार्गदर्शन एवं विजय शंकर कमाण्डेन्ट 217 वीं वाहिनी कोन्टा, सुकमा के निर्देशानुसार 8 जुलाई को सलातोंग कैम्प से ए एवं सी समवाय ने नीर सिंह मीना द्वितीय कमान अधिकारी परिचालनिक 217 वी. वाहिनी के पर्यवेक्षक तथा डॉ. मन्दीप सिंह एसएमओ रवि शर्मा, सहायक कमाण्डेंट सी समवाय अधिकारी तथा निरीक्षक, जीडी थोराट अनन्ता कलोवा ए समवाय अधिकारी के द्वारा ग्राम-बडेकेडवाल में सिविक ऐक्शन प्रोग्राम-कम-मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया।

ग्राम-बडेकेडवाल अति नक्सलवाद ग्रस्त तथा दूर-दराज के एरिया में प्राथमिक चिकित्सा कैम्प लगाया गया। चिकित्सा कैम्प में ग्रामीणों को आवश्यक दवाईयों का वितरण तथा उपचार किया गया। सिविक ऐक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों में रेडियो तथा अन्य आवश्यक सामान का वितरण किया गया। सिविक ऐक्शन प्रोग्राम-कम-मेडिकल कैम्प में बड़ेकेडवाल के अधिकांश ग्रामीण मौजूद रहे तथा ग्रामीणों ने प्रथमिक चिकित्सा कैम्प में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और 217 वीं वाहिनी केरिपु बल के द्वारा आयोजित किये गये कैम्प की सराहना की।

217 वीं वाहिनी हमेशा नक्सल प्रभावित इलाके में ग्रामीणों की मद्द के लिए तत्पर रहती है। इस मौके पर नीर सिंह मीना द्वितीय कमान अधिकारी 217 वीं वाहिनी के द्वारा सभी ग्राम वासियों को सम्बोधित किया गया एवं उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा सभी ग्रामीणों को सरकार के साथ मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही साथ अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में और उनसे मिलने वाले लाभों तथा उसके उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी।

# ग्रामीण विकास की धुरी हैं पंचायत सचिव : मिथिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम




पंचायत सचिव पदस्थापना दिवस का जिला स्तरीय आयोजन गीदम ब्लॉक के मड़से में किया गया। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ की जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिले के उप

■ पंचायत सचिव संघ ने मनाया सचिव पदस्थापना दिवस

संचालक पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग मिथिलेश किसान ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की रीढ़ और ग्रामीण विकास की धुरी हैं।

उनकी वजह से ही योजनाएं धरातल तक पहुंच पाती है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों को समय के साथ तकनीक के उपयोग के प्रति अपग्रेड होने की जरूरत है। सचिवों के वेतन भुगतान में देरी नहीं हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सचिवों की अन्य समस्याओं के निवारण का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। गीदम जनपद सीईओ बलराम ध्रुव ने सचिव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी, बरसात में काम करने वाले सचिवों की मेहनत से ही योजनाएं सफल होती हैं। बहुत ही विषम परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। वेतन संबंधी दिक्कतों का निवारण करने का प्रयास करेंगे। कटेकल्याण जनपद सीईओ आशीष डे ने कहा कि दक्षिण बस्तर के विपरीत हालात के बावजूद पंचायत सचिव पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करते आ रहे हैं। उनके मेहनत की वजह से ही आम जन तक शासकीय योजनाएं पहुंच पाती है। इसके पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए संघ के जिलाध्यक्ष भरत हपका ने सचिव दिवस के आयोजन के विषय मे जानकारी दी।

जिला संरक्षक पीलू डेगल ने कहा कि 15 साल सेवा पूरी कर चुके सचिवों के वेतन का पुनर्निर्धारण करने में विशेष रूचि लेने, समय पर वेतन भुगतान करने, विसंगतिपूर्ण तबादलों पर नियंत्रण करने, पंचायत सचिवों के लिए 2008 व 2016 व 21 में तय सेवा शर्तों के आधार पर ही ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम का संचालन राजू बघेल ने व आभार प्रदर्शन पीलू डेगल ने किया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण ब्लॉक में कार्यरत पंचायत सचिव व सरपंच मौजूद थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100
TEAM CREATIVE

**खबर संक्षेप**

## जिले में अब तक 3785 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 1 जून से अब तक कुल 3785.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 484.8 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 142.5 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कांकेर तहसील में 199 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 384.6 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 464.8 मिलीमीटर, चारामा में 351.9 मिमी., अंतागढ़ में 419.1, पखांजुर में 333.4, नरहरपुर में 298.8, सरोना में 271.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 434.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में चारामा तहसील में सबसे अधिक 57.9 मिलीमीटर और कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे कम 10.6 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

## बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान शिविर 11 को

**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान व स्वास्थ शिविर का आयोजन ग्राम के ज्योती नवयुवक मंडल के द्वारा ग्राम के रंगमंच शैड में 11 जुलाई को आयोजित है। इस शिविर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र धनेलीकन्हार के खंड चिकित्सा अधिकारी डां. शशांक गुप्ता ने अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यू टी लगाई है, जिसमें एमओ डा. भूमिका नाग, एमएलटी लिकेश्वर यद्यु, सेक्टर सुपर वाइजर विकास ठाकुर, सीएचओ पुजा साहू, भवानी ठाकुर, सुरेखा मंडावी, आरएचओ रीतुराज प्रधान, लखन लाल मरकाम, सुलोचना मेश्राम शामिल हैं। इस स्वास्थ शिविर में बीपी, शुगर जांच व दवाई वितरण किया जायेगा।

सलाह : उपसंचालक कृषि ने किसानों को खाद के संबंध में दी जानकारी

# डीएपी खाद की कमी पूर्ति के लिए वैकल्पिक उर्वरकों का किसान कर सकते हैं प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



जिले में अच्छी वर्षा होने पर कृषि कार्य जोरों पर है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि सहकारी समितियों में यूरिया 1348, डीएपी 411, एमओपी 1136, एसएसपी 1643 व एनपीके 629 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। जिले में किसानों को डीएपी खाद की कमी पूर्ति के लिए अन्य वैकल्पिक खाद फास्फोरस एवं नत्रजन जैसे पोषक तत्वों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी गई है। इसके अलावा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी का भी छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि डीएपी एक ऐसी खाद है, जो भारत में नहीं बनती है। इसके लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पड़ता है और आयात सामान्य से कम हुआ है। ऐसी स्थिति में डीएपी खाद की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही है, यदि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलता है तो किसान इसके विकल्प के रुप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा बताए गए अनुशंसित मिक्स खाद का उपयोग कर सकते हैं। किसान भाईयों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए अन्य उर्वरकों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी। बताया कि धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म के लिए 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्रामे म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके, 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है, धान की किस्में दीर्घ अवधि 141 दिन से अधिक के लिए 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। धान की किस्में मध्यम अवधि 126-140 दिन के लिए 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके, 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 35 किलोग्राम यूरिया एवं 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। मक्का हाईब्रिड किस्म के लिए 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके, 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 35 किलोग्राम यूरिया एवं किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश से की जा सकती है।

## मांडाभर्री में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया, छात्रों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बासनवाही

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सोमवार को माध्यमिक शाला मांडाभर्री में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नरहरपुर उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नरहरपुर पवन नेतम, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच धनेश्वरी नेताम ने किया। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बालक बालिकाओं को तिलक वंदन लगाकर व शाला गणवेश प्रदाय कर मुंह मीठा कराते हुए विद्यालय प्रवेश कराया गया। संकुल स्तर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को मेडल तथा पेन कॉपी भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल स्तर पर बेस्ट टीचर अवार्ड का सम्मान दिनेश कुमार साहू सहायक शिक्षक मावलीपारा को संकुल स्तर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास संभव नहीं है। शिक्षा ही वह ज्ञान है जो मानव समाज की दशा और दिशा तय करती है, इसलिए बालक एवं अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा की 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निरंतर स्कूल शिक्षा से जोड़े। कोई बच्चा साल त्यागी ना हो, अध्ययन त्यागी ना रहे। सभी बच्चों को शासन की ओर से निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के हित में विभिन्न प्रकार की स्कूली योजनाएं चलाई जा रही है, जो बच्चों के हित के अनुकूल है। मुख्य अतिथि



के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के सम्मान में 1 हजार 500 रुपएकी राशि संकुल केंद्र को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान सियाराम कोषमा, आत्माराम जैन, तामेश कुमार नाग, चंद्रभान मांडवी, तुलसी नेताम, कार्तिकराम पाण्डेय, दशरथ साहू, गैंदूराम साहू, सुखराम कुंजाम,संकुल प्राचार्य गया प्रसाद शोरी, मनीराम नेताम, प्रधानाध्यापक जगदीप भारती, प्रधान अध्यापक शंकर लाल नेताम, योग्यता सिंह ध्रुव, मेहतर कुंजाम, दिनेश कुमार साहू, पवन कुंजन, धनेशकुमार पोटाई, विनोद कुमार भास्कर, एन कुमार दीवान, टिकेश कुमार साहू, दिलीप कुमार शोरी, महेंद्र कुमार मेश्राम, शकुंतला मेश्राम, राजेश्वरी नेताम, खुशबू वर्मा, गायत्री देवांगन, रामादेवी श्रेय, पुष्प लता साहू, भूनेश्वरी नाग, प्रियंका इक्का, अलका नाग, ब्यास कुमार कुर्रे व अन्य उपस्थित रहे।

# पंचायत उन्नयन सूचकांक पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**कांकेर।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सर्व संबंधित लाइन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी व मैदानी कर्मचारियों को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध मे जिला नोडल अधिकारी कमल सिदार उप संचालक पंचायत एवं जिला समन्वयक आशीष ठाकुर के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान अवगत कराया गया की सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करने हेतु भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के आंकलन के उद्देश्य से पंचायत उन्नयन सूचकांक (पीएआई 2.0) का निर्माण किया गया है। पीएआई एक बहुआयामी मूल्यांकन सूचकांक है, जिसके माध्यम से एलएसडीजी के 9 थीम से



संबंधित लोकल इंडिकेटर की गणना करते हुए, पंचायतों के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रगति मापी जा सकती है। उक्त कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी द्वारा पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को चरणबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आवश्यक कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

## बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान शिविर 11 जुलाई को

**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम बाबुदबेना में एक दिवसीय रक्तदान व स्वास्थ शिविर का आयोजन ग्राम के ज्योती नवयुवक मंडल के द्वारा ग्राम के रंगमंच शेड में 11 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। शिविर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र धनेलीकन्हार के खंड चिकित्सा अधिकारी डां. शशांक गुप्ता ने अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें एमओ डा. भूमिका नाग, एमएलटी लिकेश्वर यद्यु, सेक्टर सुपर वाइजर विकास ठाकुर, सीएचओ पुजा साहू, भवानी ठाकुर, सुरेखा मंडावी, आरएचओ रीतुराज प्रधान, लखन लाल मरकाम, सुलोचना मेश्राम शामिल हैं।

# सावन का पावन माह 11 जुलाई से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई शुक्रवार से प्रारंभ होकर 9 अगस्त शनिवार को समाप्त होगा।

■ चार सोमवारों पर विशेष पूजा की तैयारी

इस दौरान चार सावन सोमवार पड़ेंगे, जिन पर शिवालयों में विशेष पूजन-अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। दुर्गूकोंदल सहित पूरे अंचल के मंदिरों में इनके लिए तैयारियाँ जोरों पर हैं।

पंडित तामेश्वर तिवारी ने बताया कि सावन की शुरुआत शुक्र प्रधान पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र और



प्रवार्धमान योग में हो रही है। इस संयोग से जातकों को मन-शरीर को साधने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से जिनकी कुंडली में चंद्रमा नीच का या पाप ग्रहों से युक्त है, उन्हें शिव अभिषेक से विशेष लाभ होगा। चारों सोमवार को विधिवत पूजा करने से रोगों और पारिवारिक क्लेश का नाश होता है। दुर्गूकोंदल के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, इस बार चार सोमवारों का संयोग दुर्लभ है। शिवजी की कृपा पाने के लिए नियमित रुद्राभिषेक व व्रत रखना शुभ रहेगा। पूरे महीने अंचल में भक्ति-भावना का माहौल रहेगा, जिसमें आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण व धार्मिक सत्संग भी शामिल होंगे।

बंद पड़े नलकूपों की जल्द हो मरम्मत : कलेक्टर

# फ्लोरोसिस की रोकथाम व प्रबंधन के लिए हुई बैठक, पेयजल स्रोतों को चिन्हांकित कराएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 8 जुलाई को फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में जलस्त्रोतों में फ्लोराइड के स्तर पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के सभी फ्लोराइड प्रभावित स्त्रोतों में फ्लोराइड रिमूवल प्लांट (एफआरपी) लगाने तथा बंद पड़े नलकूप की शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ऐसे ग्रामों और जल स्त्रोतों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए, जहां पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक व नुकसानदायक हो।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस एक जन स्वास्थ्य लोक स्वास्थ्य समस्या है, यह लंबे समय तक पेयजल, खाद्य उत्पादों एवं औद्योगिक प्रदूषकों के माध्यम एवं फ्लोराइड के अत्यधिक सेवन के कारण होता है, जिसके चलते दंत फ्लोरोसिस, स्केलेटल फ्लोरोसिस एवं नान-स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होती हैं। जब फ्लोराइड के स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले के प्रभावित 20 ग्राम पंचायतों में संबंधित विभाग के समन्वय से सर्वेक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही चिन्हांकित 52 स्कूलों में फ्लोराइड नियंत्रण पोषण वाटिका तैयार किया जा रहा है। फ्लोरोसिस एक गैर संचारी रोग है, इसके नियंत्रण हेतु खान-पान में बदलाव, नियमित रूप से चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार, फिजियोथेरेपी उपचार से नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही पूरक खुराक विटामिन सी एवं डी, एंटी ऑक्सीडेंट, कैल्सियम जैसे पोषक तत्वों का सेवन करना चाहिए।

इस पर कलेक्टर ने फ्लोरोसिस के रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे गांवों और पेयजल स्त्रोतों को चिन्हांकित कर सूची उपलब्ध कराएं, जहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के स्कूलों एवं बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस की जांच करने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया, जिससे मरीजों का चिन्हांकन कर समय पर उनका समुचित उपचार किया जा सके। बैठक में डीएफओ हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए तृतीय चरण का पंजीयन 10 से 13 जुलाई तक

**कांकेर।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण में प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों के लिए तृतीय चरण के लिए पंजीयन 10 से 13 जुलाई तक होगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। इसके बाद आवंटन की घोषणा 18 जुलाई को की जाएगी। आबंटन होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया 19 से 22 जुलाई तक चलेगी।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

